सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)

बरवा रोड, धनबाद-826001 (झारखंड)

(वेबसाइट: www.cimfr.res.in)

सीएसआईआर CSIR भारत का नवाचार इंजन *The Innovation Engine of India*

विज्ञापन सं. -: CIMFR- 02/ 2026

ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि:	**20-05-2026 प्रातः 10:00 बजे**
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:	**19-06-2026 सायं 05:00 बजे**

सीएसआईआरसिम्फर लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करने वाला कार्यबल विकसित करने के लिए प्रयासरत है तथा - महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर), धनबाद, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर), नई दिल्ली के तत्वावधान में एक अंगीभूत प्रयोगशाला है, जो अन्वेषण, खनन एवं उपयोगिता को शामिल करते हुए सम्पूर्ण कोयला आधारित ऊर्जा श्रृंखला में अनुसंधान एवं विकास इनपुट प्रदान करता है। उक्त प्रयोगशाला सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और स्वच्छ परिवेश के उच्च मानकों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा एवं वृद्धि हेतु लक्षित उत्पादन तक पहुँचने के लिए खनिज आधारित उद्योगों को विकसित करने के लिए भी प्रयासरत है। भारत सरकार द्वारा हाल ही में घोषित किए गए राष्ट्रीय मिशनों को ध्यान में रखते हुए सीएसआईआर-सिम्फर ने अपनी दृष्टि, मिशन और नीतियों में परिवर्तन और साथ ही अल्प तथा दीर्घ काल के लिए लक्ष्यों को पुनः परिभाषित किया है। यह आत्मनिर्भरता पर समान जोर देते हुए द्रुत संधारणीय राष्ट्रीय तकनीकी-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर झारखंड राज्यांतर्गत धनबाद शहर में स्थित है, जो भारत की कोयला राजधानी के रूप में लोकप्रिय है। देश के पूर्वी भाग के दामोदर बेसिन में स्थित यह शहर समृद्ध कोयला निक्षेपों से संपन्न है और यहाँ खनिजों से संबंधित कई बड़े उद्योग मौजूद हैं।

सीएसआईआर–सीआईएमएफआर द्वारा निम्नलिखित पदों हेतु उपयुक्त रूप से योग्य, ऊर्जावान, परिणामोन्मुखी एवं सृजनात्मक तकनीशियनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है:

पद	**पदों की संख्या एवं आरक्षण**	**7वें केंद्रीय वेतन आयोग सीपीसी)) के अनुसार वेतनमान**	**कुल परिलब्धियाँ (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार(**	**विज्ञापन में उल्लिखित) आवेदन की अंतिम तिथि ऊपरी आयु (के अनुसार सीमा इससे अधिक नहीं होनी चाहिए**
तकनीशियन-1 ग्रुप- II (1)	30 (पीडब्लूबीडी: 02 एवं ईएसएम: 03 सहित) {अनारक्षित: 10, ईडब्लूएस: 05, अ.व.पि.: 02, अ.जा.: 02, अ.जा.ज.: 11, पीडब्लूबीडी: 02 (एक कम सुनने वाले और एक कम दृष्टि के साथ दृष्टिबाधित व्यक्ति) एवं ईएसएम: 03}	लेवल-2 (रु०- 19,900-63,200)	रु० 37,000/ -* प्रतिमाह* [लगभग]	28 वर्ष**

पात्रता की शर्तें, नियम एवं शर्तें आदि सहित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया CSIR-CIMFR की आधिकारिक वेबसाइट www.cimfr.res.in देखें। इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार का परिशिष्ट/संशोधन/सूचना केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

ह/-

प्रशासन नियंत्रक